## एक नजर में

### सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा की जिला बैठक



**मंदसौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा ;17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025द्ध मनाने को लेकर भाजपा की जिला बैठक पद्मावती रिसोर्ट पर आयोजित हुई। बैठक में सांसद सुधीर गुप्ताए राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जरए जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षितए विधायक हरदीप सिंह डंग सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियानए स्वास्थ्य शिविरए रक्तदान, वृक्षारोपण, प्रदर्शनीए,प्रबुद्धजन संवादए आत्मनिर्भर भारत पर चर्चाए वोकल फॉर लोकल अभियान आदि कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। साथ ही सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से 1ण्5 लाख से अधिक खिलाड़ियों का पंजीयन कराने का लक्ष्य रखा गया। सांसद गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी जी की आत्मनिर्भर भारत की दिशा में चल रही पहल पर जोर दियाए जबकि राज्यसभा सांसद गुर्जर ने जीएसटी सुधार और स्वच्छ भारत मिशन को आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण से जोड़ा। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने पूरे जिले में ऐतिहासिक सेवा पखवाड़ा मनाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन शिवराज सिंह राणा ने किया और आभार नरेन्द्र पाटीदार ने व्यक्त किया। बैठक में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिए कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नपाध्यक्ष गुर्जर ने भगवान देवनारायण जन्मोत्सव जुलूस का स्वागत किया

**मंदसौर।** भगवान देवनारायण जन्मोत्सव के अवसर पर धनगर गायरी समाज द्वारा मैनपुरिया चौराहा से संजय गांधी उद्यान तक विशाल चल समारोह निकाला गया। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के नेतृत्व में गांधी चौराहा पर मंच लगाकर जुलूस का स्वागत किया गया। इस दौरान रूपनगर फंटा जावरा से पधारे प्रहलाद जी दास जी महाराज का भी सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। जुलूस का स्वागत समाजजन एवं पदाधिकारियों जैसे जगदीश गुर्जर, शिव नारायण गुर्जर, डॉण् समीर गुर्जर, मनोहर गुर्जरए,महावीर दूधए विनय मुंदड़ीए राहुल चिकला, रामनारायण आर्मी, कैलाश गुर्जर, कन्हैयालाल बंशीलाल गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर किया। समारोह में समाज की एकता और परंपरा के साथ भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव की गरिमा बढ़ाई गई।

### ग्राम संधारा में महिला मंडल द्वारा चुनरी यात्रा का आयोजन

**भानपुरा।** भानपुरा तहसील की ग्राम पंचायत संधारा में महिला मंडल द्वारा एक भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा दुधाखेड़ी माताजी मंदिर से प्रारंभ होकर लेडी चौराहा होते हुए भानपुरा नगर से गुजरते हुए पुनः दुधाखेड़ी माताजी मंदिर में चुनरी उड़ाकर संपन्न हुई। यात्रा में लगभग 150 महिलाएँ और 50 के आसपास पुरुष शामिल हुए। जगह .जगह पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। ढोल .नगाड़ों की गूंज के बीच यात्रा निकली और धार्मिक वातावरण में श्रद्धालु उमड़ पड़े। कार्यक्रम में सरपंच चांदमल पाटीदारए उपसरपंच ईश्वर गुर्जर सहित ग्राम पंचायत के पंच मुकेश मालीए लक्ष्मीनारायण पाटीदारए नंदलाल पाटीदारए प्रभुलाल पाटीदारए भारत राम मेघवालए विनोद मेघवालए रामकरण मेघवालए बाबू मेघवाल आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भानपुरा नगर में भी यात्रा का स्वागत कर इसे गरिमामय बनाया गया।

### गो .तस्करी में फरार आरोपियों की 48 घंटे में गिरफ्तारी की मांग, विहिप,बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

**गरोठ।** क्षेत्र में गोवंश से भरे पिकअप वाहन पकड़े जाने और आरोपियों के फरार हो जाने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पुलिस थाना शामगढ़ पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि फरार आरोपियों को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे। ज्ञापन में बताया गया कि 9 सितंबर की रात लगभग 2 से 3 बजे के बीच वाहन क्रमांक डच् 43 ळ 6479 में 5 गोवंश क्रूरता पूर्वक भरकर ले जाए जा रहे थे। कार्यकर्ताओं ने सूचना पर मौके पर पहुँचकर पिकअप वाहन को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। चार आरोपी पकड़े गए जबकि तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने फरार आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारीए गोशत तस्करी में प्रयुक्त वाहन की जब्ती तथा नगर में जुलूस निकालने की मांग की। साथ ही कहा कि यदि 48 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो नगर बंद व चक्का जाम जैसे आंदोलन किए जाएंगे। यह जानकारी प्रखंड प्रचार प्रसार प्रमुख राजू परिहार ने दी।


### मध्य प्रदेश शासकीय अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संगठन मंदसौर में आनंद चौदस के कार्यक्रम में प्रसाद वितरण



**मंदसौर।** शासकीय अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संगठन मंदसौर ने आनंद चौदस के कार्यक्रम में 21 क्विंटल हलवे का प्रसाद वितरण किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष तेज सिंह सिंह पवार एवं अशोक शर्मा भगवती शर्मा राहुल शर्मा ए ओमप्रकाश पाटीदार, विमला पाटीदार प्रमोद सेठिया, श्रीमती सेठिया, विजय राठौड जनसंपर्क रमेश्वर डांगी, नवीन व्यास, दिनेश शुक्ला, अनिल सांखलाए नेपाल सिंह राणावत, श्याम धनगरए रोहित सिंह चौहानए मुकेश सिंह चौहानए हरिसिंह राठौरए सुनील धनोतिया, विजय सिंह पुरावत एनसीसी ग्रुपए जैकी पेंशनए चम्पालाल चौहान, राधेश्याम देवड़ाए सीमा राठौरए कविता यादवए कल्पना गौड़ए मंजू चंदेलए तृप्ती चौहानए, सीमा साल्वीए संतोष जटियाए महेंद्र नामदेवए महेश त्रिवेदी, टेरेसा मिंज डीईओए आनंद डावर बीईओए राकेश पुरोहितए मोहनलाल धनगरए कमलेश जोशी स्टेनोए लाड़ साहबए निखिलेश तुगनावत स्टेनोए रामगोपाल सेठिया, मुकेश वाडेलए रामपाल सिंह देवड़ाए धर्मपाल सिंह देवड़ा, सुदीप दासए दास, सुरेंद्र रामावत एवं महेश रेठा मौजूद थे।

### नगर पालिका की पीआईसी बैठक में 263 प्रकरणों को मिली मंजूरी

**मंदसौर।** नगर पालिका परिषद मंदसौर की प्रेसिडेंट इन काउंसिल ;पीआईसीद्ध की बैठक कल नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में कुल 263 प्रकरणों को मंजूरी दी गई इस बैठक में 263 प्रकरणो में अधिकांश प्रकरण भूमि मकान नामांतरण के थे व्यापक विचार विमर्श के बाद इन सभी प्रकरणों को मंजूरी प्रदान की गई इस बैठक में नगर पालिका सभापतिगण सत्यनारायण भांबी रमेश ग्वाला दीपमाला मकवानाए शांति दिनेश फरक्याए निलेश जैनए निर्मला चंदवानीए कौशल्या बंधवारए मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनीता चौकोटिया एवं विभिन्न विभागों के प्रमुख कर्मचारीगण भी उपस्थित थे.



# किसान पाटीदार जैविक खेती कर कमा रहे हैं लाभ

***आसपास के किसानों को भी देते है जैविक खाद की सलाह***



**मंदसौर।** मंदसौर जिले के गांव रिंडा के निवासी आशीष पाटीदार अपने खेत में जैविक खाद का प्रयोग करते है। उन्होंने केंचुओं के माध्यम से शुद्ध वर्मी कम्पोस्ट ;जैविक खादद्ध का निर्माण शुरू किया हैए जिससे न केवल उन्हें अच्छी आमदनी हो रही हैए बल्कि आसपास के किसान को भी जैविक खाद उपलब?ध करा रहे है एवं उन?हे जैविक खेती की सलाह भी दे रहे है।

उन?होने बताया कि जैविक खेती की शुरवात मंदसौर के उद्यानिकी विभाग से प्रशिक्षण लेकर की। वहां से उन्हें 2 किलो केंचुए और संपूर्ण तकनीकी जानकारी मिली। इसी सहयोग और अपनी मेहनत के बल पर उन्होंने एक वर्ष में 300 कट्टे जैविक खाद का निर्माण किया।

उनकी बनाई जैविक खाद को किसानों ने हाथोंहाथ अपनाया दृ खासकर अफीम और लहसुन की खेती करने वाले कृषकों ने। उन्होंने इसे 500 से 550 रुपये प्रति कट्टा की दर से बेचा है। दलोदा अखिलानंद गौशाला में खुद जैविक खाद बनाते हैं और वहीं से गोबर भी लाते हैं। गौशाला को आत्मनिर्भर बना रहे है

इनके पास 10 बीघा जमीन भी है जिसमें ये जैविक खेती करते हैं और अच्छे दामों पर उन फसलों को बेचते है। कृषि विभाग कार्यालय के माध्यम से बलराम तालाब योजना का लाभ लिया है। बलराम तालाब योजना का लाभ लेंए तो जल संरक्षणए जैविक खेती और आय दृ तीनों क्षेत्रों में उन्नति सुनिश्चित है। किसान श्री आशीष पाटीदार जैविक खेती में रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग नहीं करते। इसकी बजाय वे नीम खलीए गौमूत्रए दशपर्णी अर्कए और जीवामृत जैसे जैविक तरीकों से कीट नियंत्रण करते हैं।

> **जैविक खाद से आय भी और पर्यावरण की सेवा भी**
>
> जैविक खाद के निर्माण से श्री आशीष पाटीदार को बेहद अच्छी आय प्राप्त हुई। अब वे इस कार्य को व्यवसायिक रूप से और विस्तार देना चाहते हैं। उनका लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में वे प्रत्येक वर्ष 1000 से 1500 कट्टे जैविक खाद का निर्माण करेंगे। इसके लिए एक नईए छोटी यूनिट की स्थापना की योजना भी बना रहे हैं। वे केवल आय ही नहींए बल्कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा को भी समान रूप से महत्व देते हैं। खेत में बची नरवाई ;फसल अवशेषद्ध को जलाने के बजाय वे उसे डी.कंपोजर व जीवामृत से सड़ाकर पोषक जैविक खाद में बदलते हैं। यह खाद उनके उत्पादन को बढ़ाने में मदद करती हैए और खेत की मिट्टी को भी स्वस्थ बनाए रखती है। ष्खेती सिर्फ मुनाफे का जरिया नहींए बल्कि प्रकृति से जुड़ने का माध्यम भी हैएष् श्री आशीष पाटीदार का यह मानना है।

# अजब की दुनिया में गजब के यहां ढंग है

***जिंदा पर मान सम्मान नहीए मरने के बाद तारीफ के साथ सब याद करते***



**नाहरगढ।** अजब की दुनिया है गजब के यहां के ढंग। जिंदे मां बाप को सताया जाता है लेकिन मरने पर पूजा जाता है। जिंदे मां बाप को कभी खुशी से दो रोटी नहीं खिलाई जाती है लेकिन मरने पर श्राद्ध करके ब्राह्मण भोज व कन्या भोज और पक्षी भोज कराया जाता है।

जिंदे मां बाप से कभी सीधे मुंह बात नहीं की जाती है लेकिन मरने पर तस्वीरों पर फुल चढाकर रोने का ढोंग किया जाता है। जिंदे मां बाप कि कभी खुशी से सेवा नहीं जाती लेकिन मरने पर मोबाइल स्टोरी डाल उनकी कमी का रोना रोया जाता है। जिंदे इंसान में कमियां निकाली जाती है लेकिन मरने पर उसकी खूबियां गिनाई जाती है। जिंदा इंसान बुरा होता है लेकिन मरने पर अच्छा बन जाता है। जिंदे इंसान की मदद नहीं की जाती है लेकिन मरने पर मदद का ढोंग किया जाता है। जिंदे इंसान में अवगुण होता है लेकिन मरने पर वह गुणवान बन जाता है। जिंदे इंसान की कभी तारीफ नहीं की जाती लेकिन मरने पर उसकी तारीफों के पुल बांधे जाते है। इन्हीं पंक्तियों के माध्यम से पूर्व सैनिक मुकेश गुर्जर ने आज कि पीढ़ी पर कटाक्ष करते हुवे कड़े शब्दों में कहा कि हमें जिंदे मां बाप कि सेवा करनी चाहिए तथा उनको खुश रखना चाहिए। जैसे बचपन में हमे माता पिता पालपोश के बड़ा करते है। वैसे ही वृद्धावस्था में हमें माताण् पिता की देखभाल एवं उनकी सेवा करना चाहिए। इस अवस्था में हमारा यह दायित्व बनता है कि हर उसइंसान कि मदद करनी चाहिए जो इस दुनिया में सजीव है।

## रुपये डलवाकर धोखाधड़ी करने वाले शातिर पुलिस प्रभारी कनेश व टीम ने गिरफ्तार किया



**अफजलपुर.नाहरगढ।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा मंदसौर के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल व अनुविभागीय अधिकार पुलिस मंदसौर ग्रामीण श्रीमति कीर्ति बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी उनि शेलेन्द्र सिंह कनेश द्वारा लोगो उनके परिचित का एक्सीडेंटध्अस्पताल में भर्तीध्पुलिस थाने पर रिपोर्ट की फर्जी सुचना देकर फोन पे गुगल पे पर रुपये डलवाने वाले शातिर आरोपी की पतारसी कर गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

घटना दिनांक 09ण्07ण्25 को आवेदक रामगोपाल पिता अमीरचन्द्र सांलित्रा जाति धाकड निवासी बडवन पर मोबाईल फोन पर फोन लगाकर आवेदक के परिचित का एक्सीडेंट होने कि फर्जी सुचना देकर इलाज के लिये फोन पे पर 4000 रुपये डलवा लिये। बाद में आवेदक को पता चला की आवेदक के किसी परिचित के साथ एक्सीडेंट या अनहोनी घटना नही हुई है तथा आरोपी दिलीप सुतार द्वारा उसके मोबाईल नम्बर 9993129020 से फरियादी को झुठी सुचना देकर धोकाधड़ी कर 4000 रुपये ऐंठे गये है। जिसकी शिकायत आवेदन पर थाना अफजलपुर पर अपराध पंजीबद्ध कर जाँच करते मोबाईल नम्बर व एकाउंट नम्बर के धारक की तलाश कर आरोपी दिलीप सुतार को गिरफ्तार किया गया। जो आरोपी दिलीप सुतार द्वारा बताया की वह भोले भाले लोगो से उनके परिचित का एक्सीडेंट व बिमारी व खुद के परिवार में अनहोनी घटना की कहानी सुनाकर उनसे ओनलाईन पेमेंट डलवाकर धोकाधडी करता हूँ आरोपी दिलीप द्वारा अन्य कई लोगो के साथ भी इसप्रकार की घटना की जा चुकी है जिसके सबंध में आरोपी से पृथक से पुछताछ की जाकर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। प्रथम दृष्टया आरोपी दिलीप सुधार का कृत्य धारा 318;4द्ध भारतीय न्याय संहिता का पाया जाने से थाना अफजलपुर पर अपराध क्रमांक 152ध्2025 धारा 318;4द्ध भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना जारी है। गिरफ्तार आरोपी दिलीप पिता पुरालाल सुतार निवासी देवरी थाना नाहरगढ जिला मंदसोर ।सराहनीय कार्यवाही उनि शेलेन्द्र सिंह कनेश थाना प्रभारी अफजलपुर व उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**आम जन से अपील .**

मंदसौर पुलिस की आम जनता से अपील है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ऑनलाईन पेमेंट करने से पहले सामने वाले व्यक्ति की जानकारी ले तथा संबंधी व्यक्ति या उसके परिचित से चर्चा कर घटना की तस्दीक करले सही होने पर ही पेमेंट करे। ऑनलाईन फ्रोड से सतर्कता से ही बचा जा सकता है। किसी भी प्रकार का ऑनलाई फ्रोड होने पर नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सम्पर्क करे

# मंदसौर आईडीबीआईबैंक के पीछे की गली में बढता अतिक्रमण, रहवासी परेशान

**मंदसौर।** शहर के मुख्य बाज़ार क्षेत्र स्थित आईडीबीआई बैंक मंदसौर के पीछे की गली में अतिक्रमण लगातार बढ़ने से स्थानीय लोग परेशान हैं। दूसरी गली में निजी लाइब्रेरी की मोटर साइकिलें इस गली की सड़क पर खड़ी रहती हैं। इसके अलावा गली में कुछ लोगों ने पानी के टैंक सड़क से ऊँचे बनवा लिए हैंए जिससे मार्ग संकरा हो गया है। जिससे रहवासी पीछे की गली से अपने वाहन निकाल नहीं पा रहे है।इसकी शिकायत नपा के जिम्मेदारों को भी की गई लेकिन कोई सुधार नहीं हो पाया। क्षेत्र के रहवासी डाक्टर पी सी जेनए रमेश दानगढ़ए अशोक दानगढ़ का कहना है कि संकरी गली में वाहनों की पार्किंग और अवैध निर्माण से आवागमन प्रभावित हो रहा है। रहवासियों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है।



गली के कुछ हिस्सों पर पानी के टैंक बनाकर उन्हें सड़क से ऊँचा कर दिया गया है जिससे पैदल चलने के लिए मार्ग बाधित हो रहा है।पानी के टैंक और खड़ी मोटर साइकिलों के कारण नालियाँ जाम होती हैंए जिससे बारिश में जलभराव व गंदगी से मच्छर पनपने का खतरा बढ़ जाता है। नियमानुसार गली सार्वजनिक सड़क है जिसका निजी उपयोग के लिए उसके हिस्सों पर निर्माण किया जाना अतिक्रमण है। अतिक्रमण हटवाना और कार्रवाई करना नगरपालिका का दायित्व है। नागरिकों का कहना है कि शिकायत पहले भी दी जा चुकी हैए पर उचित कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय नागरिकों ने नगरपालिका से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि शिकायत के बावजूद अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का आग्रह है कि गली से अतिक्रमण हटाकर सार्वजनिक मार्ग को सुगम बनाया जाए। सभी से आवश्यक कार्रवाई की मांग डाक्टर पीसी जैनए रमेश दानगढ़ए अशोक दानगढ़ मंदसौर व क्षेत्र के रहवासी ने की है।




## एड्स से बचाव के लिए मंदसौर में चल रहा जनजागरूकता अभियान

**मंदसौर।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठनए भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार जिले में एचआईवीध्एड्स की रोकथाम हेतु व्यापक प्रचार.प्रसार और जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक संचालित होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि एचआईवीध्एड्स एक गंभीर लेकिन रोके जाने योग्य बीमारी है। असुरक्षित यौन संबंधए संक्रमित रक्त चढ़ानेए संक्रमित सुई या सिरिंज के उपयोग तथा गर्भवती महिला से शिशु तक यह संक्रमण फैल सकता है। शुरुआत में इसके लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देतेए इसलिए समय.समय पर जांच कराना बेहद आवश्यक है।

डॉ. निशांत शर्माए नोडल अधिकारी,जिला एड्स नियंत्रण समिति ने जानकारी दी कि एचआईवी संक्रमण का उपचार एंटी.रेट्रोवायरल थेरेपी ;।त्ज्द्ध से संभव है। इसके जरिए संक्रमित व्यक्ति लंबा और स्वस्थ जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि एड्स से बचाव के लिए सुरक्षित जीवनशैली अपनानाए जांच करवाना और जागरूक रहना सबसे जरूरी है।

जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्कूल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैंए जिनमें निबंध लेखनए प्रश्नोत्तरीए वाद.विवाद प्रतियोगिताएं तथा छात्रों को एचआईवी, एड्स से संबंधित जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों से लोगों तक संदेश पहुँचाया जा रहा है कि एड्स से बचाव ही सबसे बेहतर इलाज है।

**एक नजर** — कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग एवं लल्लूजी एंड संस के सौरभ गुप्ता ने प्रेस वार्ता में साझा की जानकारी

# मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव करेंगे गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट का शुभारंभ




**मंदसौर।** गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट का चौथा संस्करण आगामी 12 सितम्बर 2025 से गांधीसागर बांध के मनमोहक बैकवॉटर क्षेत्र में प्रारंभ होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम से जुड़ी विस्तृत जानकारी जिला पंचायत सभागार मंदसौर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर अदिती गर्ग एवं आयोजन सहयोगी संस्था लल्लूजी एंड संस से सौरभ गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, पत्रकारगण उपस्थित रहे। लल्लूजी एंड संस द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के सहयोग से विकसित यह रिट्रीट लक्ज़री कैंपिंग, एडवेंचर टूरिज्म और सांस्कृतिक गतिविधियों का अनूठा संगम है। पूरे सीज़न टेंट सिटी में पर्यटक हॉट.एयर बलूनिंगए पैरामोटरिंगए जेट स्कीइंगए कायाकिंग और मोटर बोटिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। रोमांचक गतिविधियों के साथ ही पर्यटक हिंगलाजगढ़ किले की हेरिटेज ट्रेलए गांधीसागर अभयारण्य में वन्यजीव सफारी और ग्रामीण जीवन के वास्तविक अनुभवों का भी हिस्सा बन पाएंगे।

इसके साथ हीए इस स्थल पर लागू नई संरक्षण पहलों को भी अधिकारियों ने विशेष रूप से रेखांकित किया। लगभग 2ए500 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला एक बटरफ्लाई गार्डन विकसित किया गया हैए जिसमें 4ए000 से अधिक पोषक ; होस्ट द्ध और पराग ;नेक्टरद्ध प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। यहां पहले से ही 40 से अधिक तितली प्रजातियां दर्ज की जा चुकी हैं। यह स्थल अब शिक्षा एवं इंटरप्रिटेशन केंद्र बना हैए जहां प्रशिक्षित नेचुरलिस्ट आगंतुकों को तितलियों के जीवन चक्र से परिचित कराते हैं। इसके अतिरिक्त इस सीज़न में चतुर्भुज नाला की प्राचीन शैलचित्र कला से प्रेरित रॉक आर्ट इंटरप्रिटेशन ज़ोन तथा बायोडायवर्सिटी वॉक जैसी गतिविधियों को भी शामिल किया गया हैए जिससे पर्यटक इस क्षेत्र की पारिस्थितिक समृद्धि से और गहराई से जुड़ सकें।

गांधी सागर फॉरेस्ट रिट्रीट के माध्यम से पर्यटकए गाइडेड बटरफ्लाई गार्डन टूरए नेचर वॉक ध् बर्ड वाचिंग जैसे प्राकृतिक अनुभव लेकर प्रकृति से जुड़ेंगे इसके साथ ही वाटर स्पोर्ट्स में स्पीड बोटए कयाकिंग एबनाना राइडए जेट स्की जैसे एडवेंचर कर सकेंगेण् इनके साथ हवाई एडवेंचर में हॉट एयर बैलून और पैरामोटरिंग जैसी शानदार और साहसिक गतिविधियों का हिस्सा बनने का एक अनोखा अवसर मिलेगा जहां आसमां में जाकर गांधीसागर के प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने का अवसर मिलेगा।


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60